तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024



12 सिंघोड़ा थाना में नए कानूनों की दी गई विस्तृत जानकारी



12 बेलसोंडा के स्टेशन पारा स्कूल में मनाया गया ...






# आरटीईः आवंटित स्कूलों में अब 7 जुलाई तक ले सकेंगे दाखिला

## डीईओ को निर्धारित अवधि में दाखिला संपन्न कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निःशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में निजी स्कूलों में बीपीएल बच्चों के प्रवेश के प्रथम चरण में कुल 1672 सीटों के विरूद्ध लॉटरी के माध्यम से 1472 बच्चों का चयन हुआ। इन बच्चों को आवंटित स्कूलों में दाखिला लेने अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी जिसे अब बढ़ाकर 7 जुलाई कर दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश के सभी डीईओ को निर्धारित अवधि में स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश जारी किए है।

बता दें कि दिसंबर में ही आनलाइन आरटीई पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश के लिए इस साल जिलेभर के 212 स्कूलों में 1672 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन मंगाया गया। प्रथम चरण में दाखिले के लिए 3165 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके सत्यापन के बाद लॉटरी निकाली गयी जिसमें कुल 1472 बच्चों का चयन हुआ। इन बच्चों का 30 जून तक आवंटित स्कूलों में दाखिला देने की प्रक्रिया पूरी करनी थी । लेकिन अंतिम तिथि तक जिले में 1186 बच्चों का ही दाखिला हो पाया शेष 288 का दाखिला नहीं हो पाया। यही स्थिति पूरे प्रदेश में रही । दाखिले की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए, छूटे हुए बच्चों का आवंटित स्कूलों में दाखिला हो सके, इस मंशा से लोक शिक्षण संचालनालय ने 28 जून को एक आदेश निकालकर आवंटित स्कूलों में दाखिले की अंतिम तिथि 7 जुलाई कर दी और आदेश में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि यदि निर्धारित अवधि में भी सभी चयनित बच्चों का दाखिला नहीं कराया गया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




### दूसरे चरण के समय सारिणी भी परिवर्तन

लोक शिक्षण संचालनालय ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के दूसरे चरण में भी बदलाव किया हैं। जहाँ पहले दूसरे चरण के लिए एक जुलाई से आवेदन लेना था उसे बढाकर अब 9 जुलाई कर दिया है। दूसरे चरण के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 9 से 14 जुलाई तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों की जांच 15 से 21 जुलाई, लॉटरी और आवंटन की प्रक्रिया 23 से 26 जुलाई, स्कूल दाखिला 29 से 11 अगस्त और इस वर्ष के लिए ऑनलाइन दावा प्रक्रिया 19 अगस्त से 18 सितंबर निर्धारित किया गया है। आरटीई प्रभारी देवेश चंद्राकर ने बताया कि दूसरे चरण के लिए शेष 198 सीटों के लिए आवेदन मंगाया जाएगा। वहीं प्रथम चरण के बचे आवेदक जिनका लॉटरी में चयन नहीं हुआ वे भी दूसरे चरण की लॉटरी में शामिल किया जाएगा। प्रथम चरण में लॉटरी के बाद आवंटित स्कूलों में दाखिला की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई कर दी गई है।


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## खबर संक्षेप

### बाइक फिसली, गिरने से मौत

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोंडपाली निवासी वेदप्रकाश साहू की बाइक फिसलने से गिरकर मौत हो गई। वह बागबाहरा जाने के लिए निकला था तभी खुसरूपाली मोड़ मंदिर के पास फिसलकर गिर गया। उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बाइक की चोरी

**महासमुंद।** बसना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कैंपस से स्वास्थ्य कर्मचारी की मोटरसायकल चोरी होने पर पुलिस से इसकी शिकायत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार 24 जून 2024 को विनय कुमार यादव मोटर सायकल हीरो होंडा सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 13 एच 8746 कीमती 20000 रुपए को लेकर अपने ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बसना आया, कैंपस में खड़ा कर अपने ड्यूटी में चला गया इसके 2 घंटे बाद जब बाहर निकला तो देखा कि मोटर सायकल जहां पर खड़ा किया था, वहा नहीं था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जेठ ने की महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला और उसकी बेटी के साथ जेठ द्वारा गाली गलौज, मारपीट किए जाने के मामले में कोमाखान थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को जमुना पटेल पति पंचराम पटेल निवासी ग्राम खुर्सीपार ने बताया कि 30 जून को मैं अपने घर में सोई थी, तभी जेठ संतराम पटेल करीबन दोपहर 02 बजे मेरे घर के सामने गली में आकर कहने लगा कि तुम लोग मेरी पत्नी को भगाए हो, भगाने में तुम्हारा हाथ है कहकर मेरे साथ गाली गलौज कर रहा था। जब मैने घर से निकल कर गाली देने से मना किया तो हाथ में रखे डंडे से मेरे बाएं हाथ की कोहनी में मारपीट किया। मेरे साथ मारपीट होता देख मेरी लड़की रेणुका पटेल बीच बचाव करने लगी, तब आरोपी संतराम पटेल ने डंडे से मेरी बेटी रेणुका बाएं हाथ में भी मारा, जिससे उसे भी चोंट लगी। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## प्रदर्शन: नगर पंचायत तुमगांव व सब स्टेशन का किया गया घेराव

# साय सरकार में सांय-सांय हो रही बिजली कटौतीः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव क्षेत्र के ग्रामों में अघोषित विद्युत

- सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में हुई नारेबाजी, गेट पर दिया धरना भी

कटौती तथा नगर पंचायत के समस्त 15 वार्डों में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितता तथा गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच की मांग को लेकर सोमवार को तुमगांव क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों ने पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के नेतृत्व में नगर पंचायत तुमगांव तथा विद्युत सब स्टेशन तुमगांव का घेराव कर दिया।

सोमवार को 12 बजे क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण तुमगांव चौक में एकत्रित हुए जहां से वे श्री चंद्राकर के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। यहां वे तुमगांव के विभिन्न वार्डों में कराए गए कार्यों की जांच की मांग की। समस्त मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। पश्चात सब स्टेशन के सामने सभा का आयोजन कर 10-10 घंटे अघोषित विद्युत कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी की गई। तथा जिम्मेदारी अधिकारी को हटाने की मांग की गई।



### पुलिस के साथ हुई झूमाझटकी

इस दौरान पुलिस व कांग्रेस जनों के बीच झूमाझटकी भी हुई। ग्रामीणों व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बाहर ही रोक दिया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि जब से प्रदेश मंग भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली कटौती सांय-सांय किया जा रहा है। पहले भूपेश बघेल के राज में बिजली बिल आधी और बिजली पूरी मिलती थी। लेकिन, अब साय सरकार में बिजली बिल पूरा और बिजली आधी मिल रही है। आम जनता, किसानों की समस्याओं, परेशानियों से भाजपा की साय सरकार को कोई सरोकार नहीं है। 6 माह के कार्यकाल में ही यह सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। आज हर सरकारी दफ्तर में भ्रष्टाचार का आलम है। भाजपा राज में आम जनता की सुनने वाला कोई नहीं। धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष राशि महिलांग, दाऊलाल चंद्राकर, सभापति बबलू हरपाल, दीपक ठाकुर, आवेज खान, पार्षद केके साहू, दिलीप चंद्राकर, तुमगांव नपं के पार्षद गण, क्षेत्र के दर्जनों गांवों के ग्रामीण व क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अनियमितता की जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नगर पंचायत में विभिन्न कार्यों में अनियमितता की जांच की मांग को लेकर सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मां शीतला मंदिर में स्थित गोड़ धोवा तालाब, गोविन्दा तालाब के समयावधि में काम नहीं कराए जाने के कारण आम किसानो को रबी फसल का लाभ नहीं मिल पाया। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति होने का उल्लेख किया तथा तालाब में गंदगी के चलते वार्ड वासियों को निस्तारी की समस्या होने की बात कहते हुए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी को तत्काल बर्खास्त करने, नगरीय क्षेत्र तुमगांव में वार्ड क्र 01 से 15 तक सी.सी. रोड का गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करने, वार्ड क्र 12 एवं 13 में प्रधानमंत्री आवास बनाने, नगरीय निकाय क्षेत्र वार्ड क्रमांक 01 से 15 जोनल (मरम्मत) टेंडर निकालने और कार्य चिन्हाकित वार्डो में किए जाने का विरोध करते हुए सभी वार्डों में मरम्मत कार्य कराने, नगर पंचायत तुमगांव में नियमित आवास मित्र नहीं होने के कारण डेढ साल (18 माह) से भेजे गए आवेदन को स्वीकृत कर अभी तक नागरिकों का आवास का लाभ नहीं दिया गया उसे शीघ्र आवास लाभ दिलाने, नगरीय क्षेत्र के किसानों के भूमि को आनलाईन त्रुटि के चलते किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पाया, उन्हें योजना की लाभ दिलाने, नलजल योजना के अंतर्गत घरों में लगे नलों में गंदा पानी की आपूर्ति होने से आम नागरिकों के स्वास्थ्य संबंधी गंभीर संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इसके जिम्मेदार पर कार्रवाई करने, नगर पंचायत सीएमओ द्वारा जलकर की राशि अधिक लिए जाने का विरोध करते हुए, नियमानुसार जलकर लेने, तुमगांव नगर पंचायत क्षेत्र बताकर तुमगांव चौक में कुछ माह पूर्व सैकडों छोटे-छोटे गुमटी व्यवसायियों हटाने तथा उन्हें व्यवस्थापन नहीं करने का विरोध करते हुए शीघ्र व्यवस्थापन करने की मांग, पटवारी एवं आरआई व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नक्शा खसरा एवं बी. 1 से किसानों का आनलाईन से नाम हटा दिया जाता है। और सुधार करने कहने पर किसानों को अनेक प्रकार का नियम बताया जाता है। और सुधारने के एवज में कमीशन मांगा जाता है, उक्त दोषी कर्मचारी एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। नपं तुमगांव में समस्त मांगों को लेकर सीएमओ द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया कि सभी निर्माण कार्यों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह विद्युत सब स्टेशन के बाहर नायब तहसीलदार व एई श्री वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें एई वर्मा ने लिखित में आश्वासन देते हुए टीम गठित कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने आश्वस्त किया तथा कल 2 जुलाई को कनिष्ठ यंत्री तुमगांव को अन्यत्र स्थानांतरण करने की बात कही।

# पीलू ने टंगिया से मारा, पीला ढेर

## आदतन शराबी और आए दिन परिजनों से मारपीट करने वाले बड़े भाई को सोए अवस्था में मार डाला फिर किया आत्म समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब के नशे में आए दिन मां, भाई और परिवार से विवाद तथा मारपीट करने वाले बड़े भाई से प्रताड़ित छोटे भाई ने देर रात उसकी टंगिए मार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद देर रात ही आरोपी सिरपुर चौकी पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। घटना रविवार देर रात सिरपुर चौकी क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी छोटे भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की और शव को पीएम के लिए भेज दिया। सिरपुर चौकी प्रभारी बसंत पाणिग्रही ने बताया कि सिरपुर के वार्ड 2 में रविवार रात करीब 11 बजे पीला राम ध्रुव (38) अपने कमरे में सोया था। इस दौरान छोटा भाई पीलू राम ध्रुव (33) अपने कमरे से टंगिया लेकर आया और सो रहे बड़े भाई पर टंगिए से ताबड़तोड़ वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बाद आरोपी पीलूराम चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस को हत्या की वजह पीला राम द्वारा आए दिन शराब के नशे में मां, पत्नी, बच्चों और उनसे विवाद और मारपीट करना बताया। पीला राम की पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके गई हुई थी, घटना के वक्त घर में मां अपने कमरे में सो रही थी। हत्या के दौरान हुई चीख-पुकार मृतका की मां ने नहीं सुनीं। श्री पाणिग्रही ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।



### शराब के नशे में करता था विवाद और मारपीट

पुलिस ने बताया कि पीलाराम ध्रुव, मां सोनारी बाई (75), पत्नी, दो बच्चे और छोटे भाई के साथ एक घर में रहता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी छोटे भाई पीलू राम के अनुसार मृतक आदतन शराबी था। शराब के नशे में कभी मां, पत्नी और बच्चों और कभी मेरे साथ विवाद कर मारपीट करता था। घर के सभी लोग उससे परेशान थे। रविवार रात भी वह शराब के नशे में आया और मां और मुझसे विवाद, मारपीट कर अपने कमरे में सोने चला गया।

### पुरानी रंजिश पर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

वहीं बसना थाना अंतर्गत ग्राम सेमलिया में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों ने पिता-पुत्र पर टंगिया व डंडा से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर बसना पुलिस धारा 294, 307, 323, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही है। ग्राम सेमलिया निवासी रमेश साहू ने पुलिस को बताया वह रविवार को पिता उत्तम साहू के साथ खेत की जोताई करने चंद्रकांत साहू के ट्रैक्टर को लेकर खेत गया था। दोपहर करीब 4 बजे गांव के ही दैतारी साहू व जगन्नाथ साहू टंगिया और डंडा लेकर आए और मुझे तथा पिता उत्तम साहू को अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। दैतारी साहू ने हत्या करने की नीयत से मेरे सिर में टंगिया से वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून निकलने लगा। उसी समय जगन्नाथ ने डंडे से बांये कंधा तथा पिताजी के बांये हाथ व पीठ में वार किया। दोनों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के छुईपाली टोल प्लाजा के पास ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम घरघोड़ा जिला रायगढ़ निवासी कैलाश कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि सुबह करीबन 6 बजे वह अपनी कार टाटा नेक्सॉन क्र. सीजी 13 एएच 6255 में अपने भतीजा रविशंकर पटेल के साथ सारंगढ़ से अपने रिश्तेदार के घर बागबाहरा जाने के लिए निकला था, वाहन को कैलाश चला रहा था, जब वे सरायपाली से आगे छुईपाली टोल प्लाजा के पास पहुंचे ब्रेकर होने के कारण कैलाश ने कार की रफ्तार धीमी की, इसी दौरान सरायपाली की ओर से आ रही ट्रक क्र ओडी17 एफ 0579 के चालक ने अपनी वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अचानक ओवरटेक कर कैलाश की गाड़ी के दाहिने साइड ठोकर मार दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की शिकायत के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ भादवि की धारा 279 के तहत अपराध कायम किया है।

### अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** आबकारी राजस्व सुरक्षा तथा आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में शनिवार को मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी टीम बागबाहरा द्वारा भुसडी घाट, साल्हेभाठा पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए होमेश डडसेना निवासी ग्राम परकोट थाना जोंक के आधिपत्य से एक प्लास्टिक बोरी में जेब्रा छाप के 51 पाउच और हिरन छाप के 71 पाउच कुल 122 पाउच कुल 24.40 लीटर ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब, कीमत 4880 रुपए बरामद कर जब्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34 (2), 36, 59 (क) के तहत गैर जमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उपनिरीक्षक शिव शंकर नेताम तथा आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बागबाहरा विकास बढेंद्र के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी स्टॉफ महासमुंद का विशेष योगदान रहा।





### गांजा तस्करी करते 2 बंदी

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने दो लोगों से 3 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 30 जून को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 04 एम एम 7197 को रोक कर पूछताछ की। पूछताछ में बाइक चालक ने चिंडामुरा जिला बलांगीर ओड़िशा हाल मुकाम शहीद राजीव पांडेय नगर रायपुर निवासी टिमोथी जाल व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम-पता चिंडामुरा थाना सिधेकेला पो. भूरसागुड़ा जिला बलांगीर ओड़िशा निवासी सुरेंद्र छुरा (38) बताया। तलाशी के दौरान उनके बैग से साढ़े तीन किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत साढ़े 52 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों से एक नग मोबाइल, 450 रुपए नकद और गांजा तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त की है।

## खुर्रा बोनी पिछड़ी, मानसून आने के बाद भी पर्याप्त बारिश नहीं होने से बोआई प्रभावित

# खंड वर्षा से किसान चिंतित, हल चलाने में हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून आने के बाद भी पर्याप्त बारिश नहीं होने की वजह से क्षेत्र खेती पिछड़ने की कगार पर है। दरअसल माह जून भी समाप्त हो गया लेकिन, खेती के लिए जैसी बारिश की अपेक्षा किसान कर रहे हैं। वैसी बारिश अब तक नहीं हुई है। आमतौर पर 20 जून तक मानसून सक्रिय हो जाता है। लेकिन, इस बार अब खंड वर्षा हो रही है। ऐसे में खेतों में हल चलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खुर्रा बोनी में तो किसान पिछड़ ही गई है । अभी अच्छी बारिश नहीं हुई तो आने वाले समय में कृषि की लागत और भी बढ़ जाएगी। सप्ताह भर के भीतर पर्याप्त बारिश नहीं हुई तो खेती पिछड़ती चली जाएगी।

अभी खेतों की जुताई व मताई के लिए पानी की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है, लेकिन सिंचाई सुविधाहीन किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में किसानों को दोबारा बोनी की चिंता सता रही है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार बढ़ रहा है। मानसून की पहली बारिश के साथ ही क्षेत्र के किसानों ने करीब एक माह पहले ही अपने खेतों में धान की बोआई कर दी थी। रोपाई करने के लिए थरहा भी तैयार कर चुके हैं। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में अच्छी बारिश नहीं हुई है। वहीं बारिश नहीं होने से खरीफ की मुख्य फसल धान की रोपाई प्रारंभ नहीं हो पाई है। कुछ किसान नाला, कुआं, तालाब, ट्यूबवेल से पानी लेकर रोपा लगा रहे हैं। वह भी सूख रहा है।



ऐसे में रबी सीजन में मौसम की मार के बाद नुकसान उठा चुके किसान ज्यादा चिंतित नजर आ रहे हैं। रिमझिम बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन, यह बारिश खेती के लिए नाकाफी है। रविवार को हुई बारिश से कुछ देर के लिए जन जीवन ठहर गया था। जानकारी के मुताबिक मानसून आने के बाद से अब तक झमाझम बारिश नहीं हुई है। हालांकि, तापमान में कमी जरूर आई है।

### जिले में अब तक 142.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

महासमुंद। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 142.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 214.1 मिलीमीटर, बसना में 161.7 मिलीमीटर, सरायपाली में 145.0 मिलीमीटर, पिथौरा में 130.0 मिलीमीटर, बागबाहरा में 129.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 77.0 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 01 जुलाई को 5.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बागबाहरा तहसील में 14.0 मिलीमीटर, कोमाखान में 6.9 मिलीमीटर, महासमुंद में 6.0 मिलीमीटर, पिथौरा में 3.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 1.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 1.49 मिलीमीटर बसना तहसील में दर्ज की गई।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### मौत मामले में सरपंच के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** करीब चार पहले ग्राम बेलमुंडी में सीसी रोड निर्माण के दौरान मिक्चर मशीन में फंसने से मजदूर की मौत हो गई थी। थाना बलौदा अंतर्गत इस मामले की जांच के बाद ग्राम सरपंच ताराचंद चौधरी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में पाया गया कि ग्राम सरपंच ताराचंद चौधरी द्वारा ग्राम बेलमुंडी में विधायक मद से गली में सीसी रोड निर्माण के दौरान मिक्चर मशीन से काम कराते समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न कर लापरवाहीपूर्वक काम कराया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि 12 मार्च 2024 को निर्माण कार्य में लगे मजदूर नरेंद्र कोडाकू पिता नीलमणि कोडाकू (48 साल) निवासी बेलमुंडी का गमछा मिक्चर मशीन में फंस गया, घटना में उसके सीने और पीठ में चोट आई, जिसे इलाज के लिए सीएचसी बसना ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी सरपंच के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पौधारोपण से ही संतुलित हो सकता है वातावरण

**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी के साहू एवं पांडे परिवार के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे रोपित किए गए। दोनों परिवारों के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग भी लगाई जाएगी। अरुण पांडे ने बताया कि पौधारोपण से ही वातावरण को संतुलित किया जा सकता है। इस अवसर पर भास्कर साहू, अरुण पांडे एवं परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### बैज ने कहा- भाजपा सरकार में चल रही कमीशनखोरी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी भाजपा सरकार की पहचान बन गई है। बिना कमीशन के प्रदेश में किसी विभाग में कोई काम नहीं हो सकता। आबकारी, पीएचई, कृषि सभी विभागों में कमीशन के टार्गेट फिक्स हो गए हैं। अब तो लोग साय सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। श्री बैज ने कहा, आबकारी विभाग में अधिकारी दुकानों को कमीशन का टार्गेट दे रहे हैं, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। राजनांदगांव के कांट्रेक्टर एसोसिएशन द्वारा जल जीवन मिशन योजना में ठेकेदारों को भुगतान के एवज में पीएचई विभाग के ईई और एसडीओ द्वारा 10 प्रतिशत की कमीशन मांगे जाने की लिखित शिकायत विगत 2 अप्रैल को जल जीवन मिशन के प्रदेश संचालक से की है। डेढ़ महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने उक्त शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के मंत्रियों का मौन इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार की सहमति और संरक्षण में ही लूट का यह खेल खेला जा रहा है। कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने अपने शिकायत पत्र में यह भी कहा है कि ईई और एसडीओ द्वारा यह बताया गया है कि उनके द्वारा लिए जाने वाला कमीशन ऊपर वालों के लिए है।

### डीएपी की कमी, बता रहे दूसरी खाद का विकल्प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी के सीजन में खाद-बीज की मांग तेज होने के साथ ही इसकी कमी की जानकारी भी सामने आती रहती है। दूसरी ओर सहकारिता क्षेत्र से लगातार दावा किया जा रहा है कि खाद-बीज की कोई कमी नहीं है। इस मामले को लेकर राज्य सरकार भी गंभीर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अधिकारियों के निर्देश दे चुके हैं कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन मार्कफेड द्वारा जारी एक पत्र से ये सामने आई है कि खाद की कमी है। यही नहीं, किसान डीएपी 18:46 खाद की मांग कर रहे हैं तो उन्हें दूसरा विकल्प बताया जा रहा है। मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारी ने जिला सहकारी केंद्रीय बैक की नवापारा शाखा को एक पत्र भेजा है। यह पत्र अभनपुर क्षेत्र की कुछ सोसायटियों में किसानों की जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। पत्र में कहा गया है कि नवापारा शाखा के लिए 200 मीट्रिक टन डीपीए खाद की मांग की गई।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में जिले के 5 छात्रों के मॉडल शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंस्पायर अवार्ड मानक 2022-23 में जिला में चयनित छात्रों का राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन 1 एवं 2 जुलाई 2024 को दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में आयोजित हो रहा है। जिसमें महासमुंद जिला से 5 बाल वैज्ञानिक अदिति चंद्राकर, युवराज देवांगन, दुर्गेश साहू, प्रदीप थनापत, हितेश साहू अपने सोच का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें बागबाहरा ब्लॉक से 2, महासमुंद ब्लॉक से 2 एवं सराईपाली ब्लॉक से 1 नवीनतम मॉडल शामिल है। छात्र-छात्राओं को लेकर मार्गदर्शन शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश और शिक्षिका हेमलता साहू जिले से प्रभारी शिक्षक के रूप में उपस्थित है।

### बच्चों के लिए फ्लोटिंग बैग

शासकीय हाईस्कूल बाराडोली के छात्र प्रदीप थनापत का प्रोजेक्ट-फ्लोटिंग बैग है। छात्र ने बताया कि मैंने देखा कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे द्वारा बहुत भारी वजन उठाए जाते हैं, जिससे उनको अनेक परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। उनमें थकावट आना, भारी वजन के कारण बच्चे गिर भी जाते है और उनको चोट लग जाती हैं। इन परेशानी को देखते हुए मैने एक ऐसा बैग बनाया है, जिससे भार महसूस न हो। खासकर यह प्रोजेक्ट स्कूल बच्चों के लिए बनाया गया है, लेकिन इसे और अच्छे तरीके से बनाए तो इसका उपयोग यात्री और हमारे जवान कर सकते है। इसे आसपास के चीजों से बनाने का प्रयास किया गया। इसमें स्लाइडर दो, इलास्टिक रबर प्लाईवुड स्क्रू आदि शामिल है।

### पोषण की जांच करने वाली मशीन तैयार

शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के छात्र युवराज देवांगन ने बताया कि आंगनबाड़ी में पोषण की जांच करने वाली एक ऐसी मशीन तैयार किया है, जिसमें प्रत्येक बच्चों की दैनिक ऊंचाई तथा वजन की जांच किया जाएगा। इसके साथ ही उस बच्चे का अटेंडेंस भी ऑटोमैटिक हो जाएगा। जिसका पोषण स्तर कम होगा, तो उसे उचित पोषण की आवश्यकता होगी तथा उसे उचित आहार दिया जाएगा। इसमें आवश्यक सामग्री आर्डिनो, ब्लूटूथ मॉड्यूल, आरएफआईडी मॉड्यूल, 16×2 एलसीडी डिस्प्ले, वेट मशीन। इससे वजन तथा ऊंचाई की जांच की जा सकती है। इसमें आटोमेटिक अटेंडेंस भी लिया जा सकता हैं। फ्यूचर में अपग्रेड करने के लिए इसमें हम एक ऐसा मशीन लगाएंगे, जिससे हमारा बीपी , हार्टबीट, शुगर लेवल का भी पता चल सकेगा।



### हितेश ने बनाई लाइट सिलेंडर इंडिकेटर

हायर सेकंडरी स्कूल खल्लारी के छात्र हितेश कुमार साहू ने कहा इसका आइडिया मुझे अपने घर से ही आया। मैंने सुना था कि गैस सिलेंडर फट गया। क्योंकि, गैस के रेगुलेटर को बंद करना भूल गए थे। मेरी माँ गैस सिलेंडर का उपयोग कर सिलेंडर के रेगुलेटर को बंद करना भूल जाती थी तो मैने सोचा क्यो ना कुछ ऐसा बनाया जाए कि रेगुलेटर के चालू रहने से सबको चले। इसके लिए सामाग्री- रेगुलेटर, लाइट, बैट्री, वायर, लिमिट स्विच, ग्लू और गैस सिलेंडर। इसका कार्य - जब भी हम रेगुलेटर को चालू करेंगे तो लाइट जलने लगेगा और रेगुलेटर को बंद करने से लाइट भी बंद हो जाएगी। अगर हम रेगुलेटर को चालू कर बंद करना भूल जाएंगे तो कोई भी व्यक्ति लाइट को जलता देखकर जान जाएगा कि रेगुलेटर चालू है तो वो उसे जा कर बंद कर देगा इससे दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। इससे दुर्घटना नहीं होती, यह पोर्टेबल है।

### कृषि कार्य में कीटनाशक छिड़काव के लिए बनाया स्पेयर

शासकीय हाईस्कूल खुसरूपली बागबाहरा के छात्र दुर्गेश साहू ने कहा कि मेरे पापा एक किसान है, वे खेत में कीटनाशक दवा छिड़काव के लिए मजदूर और स्पेयर का खोज करते है। बहुत खोजने पर भी मजदूर और स्पेयर नहीं मिल पाता है, जिससे मुझे विचार आया कि कुछ ऐसा चीज बनाया जाए कि जिसमें कम मजदूर और कम मशीन लगे।

उपकरण का कार्य- ये उपकरण को हम अपने खेत या बाड़ी में सब्जी और फसल लगाए रहते हैं, उसमें कीट प्रकोप के छिड़काव किया जा सकता है। इसका लाभ- इस स्पेयर से हमें मजदूरों की समस्या से निजात मिलेगी। इससे उपकरणों की जरूरत भी कम पड़ेगा। इस उपकरण पर लागत कम आता है या सस्ते कीमत पर बढ़िया मशीन है।

### फुट स्टेप बेस्ड डोर ओपन एंड क्लोज्ड सिस्टम

शासकीय हाईस्कूल बेलसोंडा की छात्रा अदिति चंद्राकर ने कहा कि अक्सर घर में बड़े बुजुर्ग और विकलांग तथा छोटे बच्चे बिजली की स्विच बंद नहीं कर पाते हैं, ऐसे में बिजली की व्यय को रोकने के लिए फुट स्टेप बेस्ड डोर ओपन एंड क्लोज्ड सिस्टम बनाया। इसमें घर के दरवाजे में दो लिवर बने होंगे, जो पैरों से दबाने पर खुलेंगे जिससे कि बिजली की कुंजी चालू हो जाएगी। आवश्यकता ना होने पर लिवर को फिर से दबाएंगे तो दरवाजा बंद होगा। साथ ही बिजली की कुंजी बंद हो जाएगी। इस प्रकार घर पर बिजली की बचत कर पाएंगे।

### उपलब्धि पर जताया हर्ष

छात्रों की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश कुमार नायर, नंदकिशोर सिन्हा, जिला विज्ञान नोडल हेमेंद्र आचार्य, जिला विज्ञान संयोजक जगदीश सिन्हा बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, प्राचार्य जीआर सिन्हा कन्या शाला महासमुंद, प्राचार्य शोभा सिंहदेव हाई स्कूल बेलसोंडा, प्राचार्य भूषण लाल सिरमौर हाईस्कूल खल्लारी, प्राचार्य गोपाल प्रसाद बरिहा हाई स्कूल बारडोली, प्राचार्य मनोज दीवान हाईस्कूल खुसरूपाली ने हर्ष जताया है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन ने मिठाई बांटकर मनाया संविलियन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

23 वर्षों के लंबे संघर्ष के पश्चात 1 जुलाई 2018 को शिक्षक पंचायत संवर्ग का पंचायत विभाग से शिक्षा विभाग में संविलियन हुआ। एक नए एलबी संवर्ग का जन्म हुआ। तदनुसार शासकीयकरण किया गया। 1995 में लाखों युवा जब इस नौकरी को ज्वाइन किए, तब भविष्य पूर्णतः अंधकारमय था। यहां तक कि वेतन भी 3 से 4 महीनों में मिला करते थे। ऐसे में मातृ संगठन छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन (छत्तीसगढ़ शिक्षाकर्मी संघ) के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश प्रचार मंत्री केशवराम साहू, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला संयोजक लालजी साहू, जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में अनिश्चिकालीन आंदोलन, भूख हड़ताल, आमरण अनशन, जेल भरो आंदोलन सहित विभिन्न प्रदर्शनों से शासन-प्रशासन को मातृ संगठन की ताकत आगे झुकना पड़ा और अंततः 1 जुलाई 2018 को हमारा संविलियन/शासकीय करण हुआ।

सरकार आज नियमित नियुक्ति कर रही है तो यह हमारे संगठन के ही कठिन संघर्ष का परिणाम है। जिसके कारण आज युवाशक्ति शासकीय शिक्षक के रूप में ज्वाइनिंग ले रहे हैं। संविलियन दिवस पर ब्लॉक इकाई बागबाहरा के शिक्षकगण विकासखंड शिक्षा कार्यालय बागबाहरा में एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी एवं ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव ने बीईओ कौशल कुमार वर्मा एवं एबीईओ रामता मन्नाडे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। बीईओ एवं एबीईओ ने ब्लॉक के समस्त एलबी संवर्ग को संविलियन दिवस पर शुभकामनाएं दी। ब्लॉक अध्यक्ष विनोद यादव ने शिक्षक एलबी संवर्ग के स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि सर्विस बुक अद्यतन करने एवं जीपीएफ पासबुक संधारण की मांग विगत दिनों ज्ञापन के माध्यम से किया गया था। परंतु, आज पर्यंत कार्य पूर्ण नही हो पाया है। साथ ही ब्लॉक बागबाहरा के शिक्षकों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए भीषण गर्मी में डोर टू डोर संपर्क कर कार्य किए, उनके द्वारा अवकाश अवधि में किए गए कार्यदिवसों का शासकीय नियमानुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत कर सर्विस बुक में दर्ज करने की मांग की गयी। बीईओ बागबाहरा ने शीघ्र अर्जित अवकाश की गणना कर नियमानुसार सर्विस बुक में इंद्राज करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1995 से अनवरत संघर्ष के बाद 1 जुलाई 2018 को हमारा शासकीयकरण संविलियन हुआ। परंतु, आज स्थिति ये है कि क्रमोन्नत वेतनमान, पदोन्नति एवं प्रथम सेवा तिथि से पुरानी पेंशन की गणना जैसे मांगों को पूरा करने के लिए हमें फिर से सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में संघर्ष का कोई अंत नहीं है, संघर्ष जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष दमयन्ती कौशिक, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम चक्रधारी, ब्लॉक सचिव मनीष अवसरिया, ब्लॉक कोषाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर,भोपाल सिंह बंजारा, मानसी अग्रवाल, जितेंद्र कुमार साहू, विद्याप्रसाद चंद्राकर, लखन साहू, सालिकराम साहू, भूपेंद्र निराला, चुम्मन लाल जगत, अनुराग द्विवेदी, विकास साहू, कौशल कुमार चंद्राकर, सम्मे सिंह ठाकुर, मुकेश प्रधान सहित अनेक शिक्षक साथीगण मौजूद रहे। उक्ताशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा एवं ब्लॉक सचिव मनीष अवसरिया ने दी।

# लक्ष्य निर्धारित कर सफलता के लिए सार्थक प्रयास प्रारंभ करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लक्ष्य निर्धारित कर सार्थक प्रयास प्रारंभ कर विद्यार्थी सफलता की दिशा में अग्रसर हो इस मार्ग में आपको अनेक कठिनाइयो का सामना करना पड़ेगा, पर आप उससे विचलित ना हो। उक्त बातें मुख्य अथिति के आसंदी से नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम स्कूल के प्रवेश उत्सव में कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर अग्रसर रहे इस दिशा में आपको अनेक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। लेकिन, विचलित ना हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाला विकास समिति के विजय बघेल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्राचार्य केआर सागर ने प्रवेश उत्सव विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष के साथ समर्थक नीरज परोहा व रुखसार खान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग द्वारा स्कूली बच्चों को गणवेश व पाठ्यपुस्तकों व मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला की विजय लक्ष्मी शर्मा, विनीता साहू हरीश पांडे, हेमलता शर्मा, प्रणीता शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक ओमप्रकाश देवांगन व आभार श्रीमती शर्मा ने किया।



### चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर 1 जुलाई को मां पैथोलॉजी के संचालक ललित कुमार चक्रधारी ने विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टरों को पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा मिठाई खिलाकर विश्व डाक्टर दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पर उन्होंने कहा कि डाक्टर्स समर्पित सेवा का प्रतीक है। अपनी जान की परवाह किए बिना ही वे लोगों का उपचार करते हैं। डाक्टर्स डे एक अवसर है जब हम उन्हें उनके निःस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित करें। उन्होंने आज सिविल सर्जन डा. बसंत माहेश्वरी, सर्जरी विशेषज्ञ डा. कुलवंत अजमानी, शिशु रोग विशेष डा. अरविंद गुप्ता, डेंटिस्ट घनश्याम साहू, डा. कांतामनी निषाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. साक्षी चोपड़ा, डा. शकुंतला बरिहा, डा. मनोज सिन्हा का सम्मान किया।

# सेवाराम साहू बने विधायक प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तमोरा निवासी सेवा राम साहू को राजस्व विभाग के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने का नियुक्ति पत्र आज विधायक यादव द्वारा बागबाहरा स्थित विधायक कार्यालय में सेवाराम साहू को सौंपा गया।

जिस पर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। इस दौरान साहू ने विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा सौंप गए प्रतिनिधि की जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से निभाने की बात कही।



इस अवसर पर रवि निषाद, केजू चक्रधारी, मनोहर ठाकुर, शहजान पाशा, ताम्रध्वज बघेल, मंता यादव, मिथुन अमीर, चंदू साहू, दामेश्वर विश्वकर्मा, लोकेश यादराम साहू, लोकेश दीवान, राकेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिरपुर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है। भाजपा नेता सुखीराम हिरवानी, दुलरवा धीवर व अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में कहा है कि आए दिन बार-बार बिजली कटौती से लोग परेशान है। जिसके कारण जनजीवन त्रस्त हो चुका है। फोन लगाने पर फोन नही उठाते। इसी तरह प्राथमिक शाला कमारपारा स्कूल एवं कमार जनजति बस्ती में दो वर्षो से पानी की समस्या है। स्कूल के बच्चे पानी के लिए दूर गार्डन तक जाकर पानी लाते है। पीएचई विभाग को सूचना देने के बावजूद दो वर्षो में पेयजल समस्या का हल नहीं निकल सका है। इसी तरह पर्यटन स्थल सिरपुर में नलजल योजना अधूरा पड़ा हुआ है। साथ ही प्राथमकि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था स्थाई रूप से करने की मांग ज्ञापन में किया गया है।

# जनहित मुद्दों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## जनहित मामलों को लेकर खल्लारी विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

महासमुंद जिले के खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों और

**अघोषित विद्युत कटौती और खाद की कमी को दूर करने की मांग**

नगरीय निकाय में निवास करने वाले किसानों और नागरिकों से जुड़ी हुई विभिन्न जनहित की मांगों को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में मोर्चा खोल दिया गया है और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में विभिन्न जनहित से जुड़े हुए मुद्दे हैं, जिन्हें शीघ्र पूरी करने की मांग की गई। शीघ्र ही मांगें पूरी नहीं



होने पर एसडीएम कार्यालय के घेराव की चेतावनी भी दी गई।

सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से जनहित के मामलों से जुड़े हुए सबसे पहली मांग जो क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती चल रही है उसे तत्काल बंद करने की मांग की गई। साथ ही क्षेत्र में चल रहे रासायनिक खाद जैसे डीएपी एवं पोटाश की कमी को दूर करने की मांग की गई। इसके अलावा गुणवत्ताविहीन बीज जिनका वितरण किया जा रहा है उसे बंद करते हुए तथा पूर्व में बांटे गए खराब बीज की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई। जनहित की प्रमुख मांगों में पिछले ओलावृष्टि की मुआवजा राशि प्रदान करने की तथा स्वीकृत होकर प्रारंभ किए गए आवास की दूसरी किस्त की राशि जारी करने की मांग की गई। साथ ही दलहन तिलहन के निर्धारित कीमतों से अधिक राशि की वसूली बंद कर स्टॉक में पड़े सैकड़ों के तादाद में रखे स्पेयर का वितरण किसानों को करने की मांग की गई। उक्त जनहित की मांगें पूरा नहीं होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा शहर ग्रामीण एवं कोमाखान तथा पिथौरा कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से विधायक द्वारकाधीश यादव के नेतृत्व में 6 जुलाई को पैदल मार्च करते हुए अनुविभागीय कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी गई। एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान बागबाहरा कोमाखा, पिथौरा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यगण तथा कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# प्राधिकरणों में पांच विधायक बनेंगे उपाध्यक्ष, मिलेगा कैबिनेट मंत्री का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के अधीन पांच प्राधिकरणों का पुनर्गठन किया जा रहा है। इन सभी प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। साथ ही प्राधिकरणों में उपाध्यक्ष के रूप में विधायकों को शामिल किया जाएगा।

इन पांचों प्राधिकरणों में उपाध्यक्ष बनने वाले विधायकों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलेगा। उपाध्यक्षों के निजी कार्यालय के लिए स्टाफ की व्यवस्था राज्य शासन द्वारा दी जाएगी।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में पांच प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लेते हुए यह तय किया गया था कि मुख्यमंत्री इन पांचों प्राधिकरणों के अध्यक्ष होंगे। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी ये प्राधिकरण काम कर रहे थे, तत्कालीन



सरकार की व्यवस्था में मुख्यमंत्री की जगह वरिष्ठ विधायकों को प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया गया था। अब सरकार बदलने के बाद तय किया गया है कि मुख्यमंत्री प्राधिकरणों के अध्यक्ष होंगे, यानी प्राधिकरणों की कमान सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के हाथों होगी।

**इन पांच प्राधिकरणों की कमान सीएम के हाथः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जो प्राधिकरण गठित किए जा रहे हैं, उनमें मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण शामिल हैं।

### प्राधिकरणों का पुनर्गठन

राज्य सरकार ने प्राधिकरणों के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में सभी पांच प्राधिकरणों के लिए नए सिरे से उद्देश्य, प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र तय किया गया है। प्राधिकरण का गठन किस प्रकार होगा। इसकी नई व्यवस्था की गई है। प्राधिकरणों में अध्यक्ष मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष के रूप में क्षेत्र के निर्वाचित विधायकों को शामिल किया जाएगा। हर प्राधिकरण में क्षेत्र के हिसाब से आरक्षित वर्ग के विधायकों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा भी एक दर्जन के करीब विधायक सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

## अस्पताल और बैंक परिसर से बाइक चोरी



**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर और सरायपाली थाना अंतर्गत एक बैंक परिसर से अज्ञात ने बाइक पार कर दी। पुलिस दोनों ही मामलों में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। बसना के ग्राम डूमरभांठा निवासी ओंकारनाथ यादव ने पुलिस में शिकायत की है कि उनकी हीरो होण्डा सीडी डिलक्स बाइक क्रमांक सीजी 13 एच 8746 से भाई विनय कुमार यादव 24 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसना ड्यूटी में गया था। शाम करीब सात बजे वापस आया तो बाइक नहीं थी। अज्ञात ने पार कर दी थी। एक अन्य मामले में सरसींवां थाना क्षेत्र के ग्राम गगोरी निवासी रामप्रसाद साहू ने सरायपाली थाने में शिकायत की है कि 13 मई को 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा सरायपाली परिसर में उन्होंने बाइक क्रमांक सीजी 04 एमए 6160 को खड़ी कर अंदर गया, बैंकिंग कार्य निपटाकर करीब 12:20 बजे वापस लौटा तो बाइक नहीं थी।

निधन

## रमा शर्मा



**महासमुंद।** स्थानीय गुड़रूपारा निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त रमा शर्मा (74) का आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम बेन्द्री (आद्योगिक क्षेत्र उरला) में 2 जुलाई मंगलवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे रामेश्वर पांडेय की मौसी थीं।

### आयोजन : बसना में थाना प्रभारी ने दी नए कानूनों की जानकारी

# देश में अब भारतीय न्याय, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य नियम लागू





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 का 01 जुलाई 2024 से पूरे देश भर में लागू हो गया। इसी तारतम्य में थाना परिसर बसना में थाना प्रभारी शशांक पौराणिक द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों पर कार्यक्रम आयोजित कर नए कानून की जानकारी दी गई।

बता दें कि बसना थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने बताया कि भारतीय संसद ने तीन ऐतिहासिक कानूनों भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को संशोधित कर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक संहिता 2023और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से प्रतिस्थापित कर आपराधिक न्याय प्रणाली में एक परिवर्तन कारी कदम उठाया है। भारतीय मूल्यों पर आधारित ये नये कानून दंडात्मक से न्याय उन्मुख में बदलाव का संकेत देते हैं, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। कानून आईपीसी से बीएनएस में परिवर्तन हो गया है। धारा 173 (1) में नागरिकों को मौखिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक संचार (ई-एफआईआर) बिना उस क्षेत्र के विचार किए जहां अपराध किया गया है। एफआईआर दर्ज करने का अधिकार दिया गया है। धारा 173(2)(1) के तहत नागरिक बिना किसी देरी के पुलिस द्वारा अपनी एफआईआर की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त करने के हकदार हैं। धारा 193(3)(ii) के तहत पुलिस को 90 दिनों के भीतर जांच की प्रगति के बारे में पीड़ित को सूचित करना अनिवार्य होगा। धारा 184(1) के अनुसार पीड़िता की मेडिकल जांच उसकी सहमति से और अपराध की सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर की जाएगी। धारा 184(6) के तहत मेडिकल रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा 7 दिनों के भीतर भेजी जाएगी। धारा 396 में पीड़ित नागरिकों को मुफ्त चिकित्सा एवं मुआवजे का अधिकार, आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जबावदेह और सुलभ बनाया गया है। भारतीय न्याय संहिता में आईपीसी में धाराओं की संख्या 511 से बीएनएस 388 कर दी गई है। 20 नए अपराध जोड़े गये हैं। 6 छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। धारा 70(2) में सामूहिक बलात्कार में मृत्यु दंड का प्रावधान किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में धाराओं की संख्या 484 से बढ़ाकर बीएनएसएस 531 की गई है। वहीं 09 नई धाराएं जोड़ी गई है, तो 14 धाराओं को निरस्त किया गया है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम में आईईए धाराओं की संख्या 167 से बढ़ाकर बीएसए 70 की गई है। इसमें 24 धारायें बदली गई, 02 नई धाराएं जोड़ी गई है और 06 धारायें निरस्त की गई है। न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का समावेश, पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण, अपराध एवं दंड को पुनर्भाषित किया गया। राजद्रोह में परिवर्तन, राजद्रोह को समाप्त कर भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्यों को दंडित करने के लिए देशद्रोह शब्द का प्रयोग किया गया है। समय पर शीघ्र न्याय, आपराधिक न्याय प्रणाली में परिवर्तन, पुलिस की जबाव देही व पारदर्शिता लाना आवश्यक है। उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए आगे कहा कि विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए एनसीआरबी आपराधिक कानूनों का संकलन लांच किया गया है। गूगल प्ले स्टोर, एपल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नायब तहसीलदार ललित सिंह ने भी नये कानून के बारे में जानकारी को अवगत कराया। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को महेन्द्र साहू एएसआई, अधिवक्ता अनिक दानी, प्रभाकर मिश्रा, शीत गुप्ता, सेवक दास दीवान ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेता रमेश अग्रवाल, गजेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत बसना, अभिमन्यु जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, कांग्रेस नेत्री मंदाकिनी साहू, शिवकिशोर साहू, नरेंद्र साहू, नवीन साव, पत्रकार अभय धृतलहरे, शुकदेव वैष्णव, सीडी बघेल, अरूण साहू के अलावा समस्त पुलिस स्टाफ, बसना थाना क्षेत्र के समस्त कोटवार सहित सैंकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## पिछड़ा वर्ग आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष से छात्रावास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अटल नगर नवा रायपुर सर्किट हाउस में राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली हंसराज गंगाधर अहिर से मुलाकात कर पिछड़े वर्ग के समुचित विकास के लिए उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिले में पोस्ट मैट्रिक कन्या, बालक छात्रावास के लिए मांग पत्र सौंपा गया। पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृति अपर्याप्त है, उसे बढ़ाने के लिए निवेदन किया गया।

राजेन्द्र नायक ने बताया कि पिछड़े वर्ग के युवाओं को 27 प्रतिशत आरक्षण शासकीय सेवा में प्राप्त हो इस के लिए मांग पत्र सौंपा गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित पिछड़े वर्ग की सूची में लगभग 15 जातियों का समावेश केंद्रीय सूची में नहीं है, उसे भी केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए मांग पत्र सौंपा गया। अध्यक्ष ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर शासन को प्रस्ताव भेजते हुए प्रत्येक जिले में बालक एवं कन्या छात्रावास खोलने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने की सहमति दी। इस दौरान उत्तम पटेल यादव समाज धमतरी के जिलाध्यक्ष, बलरामपुर और अन्य जगहों से विभिन्न जातियों के प्रतिनिधिमंडल संपर्क कर अपनी मांग प्रस्तुत की है।

## जिले के प्रभारी मंत्री से मुलाकात



**महासमुंद।** खाद्य मंत्री व महासमुंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के जन्मदिन पर रायपुर स्थित निवास पहुंचे किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी प्रेम चंद्राकर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर,वरिष्ठ पार्षद संदीप घोष, भाजपा नेता संतोष वर्मा ने मुलाकात कर बधाई दी।

## शहर विकास के मुद्दों पर विधायक व पार्षदों के बीच हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को शहर के भाजपा पार्षदों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ बैठक की। विधायक कार्यालय में आयोजित बैठक में पहुंचे पार्षदों ने नगर के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में उनका ध्यानाकर्षण कराया। विधायक सिन्हा ने पार्षदों को नगर पालिका द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासन को भेजे गए मांगपत्र की जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा है कि शहर के विकास के लिए वे स्वयं विभाग के मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात करेंगे। साथ ही विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए भेजे गए मांगपत्र के अनुसार राशि के संबंध में भी चर्चा करेंगे। शहर की तरक्की के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं आगामी नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में रमेश साहू, महेंद्र जैन, देवीचंद राठी, मीना वर्मा, माधवी सिका, हफीज कुरैशी, बड़े मुन्ना, झनक लाल साहू, पप्पू ठाकुर, महेंद्र सिका, हनीश बग्गा उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया डॉक्टर्स डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ बिधान चंद्र राय के जन्मदिन एवं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में डॉक्टर्स डे मनाया गया। चिकित्सकों द्वारा भारत रत्न से सम्मानित डॉ विधान चंद्र राय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर राय का जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना शहर में हुआ था, वे देश के एक प्रसिद्ध चिकित्सक और शिक्षाविद थे, जो अपने अर्जित आय का पूरा हिस्सा दान कर देते थे। उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा 1942 में चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलनों में भी हिस्सा लिया था। डॉक्टर का पेशा एक मानवीय सेवा है। बीएमओ डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर्स डे के दिन डॉक्टरों को यह मौका मिलता है कि वह अपने अंतर्मन में झांके अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझें और एक चिकित्सक का काम सिर्फ पैसा कमाने का पेशा ना बनाकर मानवीय सेवा का पेशा बनाएं तभी हमारा यह डॉक्टर डे मनाना सही होगा। इसी कड़ी में डॉक्टर एचएल जांगड़े ने बताया कि धरती पर डॉक्टरों को भगवान का दर्जा प्राप्त है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोविड-19 महामारी के दौरान हमने देखा है कि डॉ अपने परिवार से दूर रहकर कई दिनों तक अस्पताल में कोरोना पीड़ित का इलाज किए हैं। डॉ कुणाल नायक ने कहा कि 31 मार्च 1865 को जन्मीं डॉ आनंदीबाई जोशी भारत के सर्वप्रथम डॉक्टर थीं, जो एक महिला होकर भी मरीजों के सेवा में दिन रात जुटी रहती थी, ऐसे डॉक्टरों के कारण ही समाज में डॉक्टरों का एक अलग छवि बनी हुई है।

खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे ने कहा कि कि स्वस्थ समाज के निर्माण में अभूतपूर्व भूमिका निभाने वाले चिकित्सकों का आभार व्यक्त करने एवं उनके समर्पण व निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 के लिए नेशनल डॉक्टर्स डे की थीम हीलिंग हैंड केयरिंग हार्ट्स निर्धारित की गई है। इस कार्यक्रम में डॉ वर्षा सतपथी, डॉ स्मृति चौधरी एवं सीएचसी के अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## बृजराज में मनाया गया विश्व रक्तदान दिवस, विविध स्पर्धा भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय शसकीय बृजराज अंग्रेजी माध्यम उच्च प्राथमिक शाला में शैक्षिक सत्र के प्रथम शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। छग शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रत्यके शनिवार को शालाओं में बेगलेस डे कक्षाए रहतीं है, इस दिन के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छग रायपुर द्वारा एक मार्गदर्शिका बनाया गया है जिसमें प्रत्येक शनिवार के लिए विभिन्न थीम पर गतिविधि के माध्यम से बच्चों में सहसंज्ञनात्मक कौशल का विकास करना है। इसी क्रम में बृजराज उच्च प्राथमिक शाला में रक्तदान दिवस पर विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया गया। कक्षा 6 को इस विषय पर चित्रकला, कक्षा 7 को नारा लेखन व कक्षा 8 को निबंध लेखन दिया गया। तत्पश्चात समस्त गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। चित्रकला में आकाक्षा शर्मा, रूचि दुबे, नारा लेखन में पल्लवी साहू, निबंध में पारूल पैकरा व अर्पित वर्मा ने सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रधान पाठक विजयलक्ष्मी चंद्राकर ने बच्चों को शाला में दिये जाने वाले आयरन टेबलेट व मौसमी फल के सेवन से रक्त निर्माण का महत्व बताते हुए स्वस्थ्य रहने की प्रेरणा दी। शिक्षक नरेश साहू पूरे कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि 14 जून आस्ट्रेलियाई चिकित्सक कार्ल लैंडस्टीनर के जन्म दिन जिन्हें रक्त अधान का संस्थापक माना जाता है। इन्होंने ही 1901 में रक्त समूह की खोज की। शिक्षिका जमुना साहू ने सुरक्षित शनिवार पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान मौसम के अनुसार आने वाली आपदा से सुरक्षा के उपाय बच्चों को बताया। शिक्षिका पुष्पांजलि सिंह ने रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्व को बताया। शिक्षिका सोनल साहू व स्वाति चंद्राकर बच्चों की गतिविधियों की निर्णायक की भूमिका निभाते हुए उन्हें प्रथम, द्वितीय स्थान दिया। कार्यक्रम में शाला परिवार के साथ बच्चे व पालक उपस्थित रहे व रूचिपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिए।

## बहुप्रतीक्षित बायपास निर्माण की मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी को नपाध्यक्ष राशि ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर वासियों के लिए बहुप्रतिक्षित बाहर से बायपास अविलंब निर्माण की मंजूरी के लिए नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर बायपास निर्माण की सभी अड़चनों को दूर कर निर्माण की मंजूरी मांगी है। पत्र के सबंध में नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि महासमुंद शहर के अनेक बुद्धजीवी, सामाजिक संस्था के सदस्य, व्यापारीगण व नागरिकजनों ने मेरे पालिका कार्यालय आकर व विभिन्न अवसरों पर मुलाकात कर बायपास को मंजूरी के लिए आवश्यक उपायों पर जोर देने व संबंधित विभाग के मंत्री को उपरोक्त समस्या के तत्काल आग्रह का निदान करने का विषय संज्ञान में लाने को कहा था। उपरोक्त समस्त नगरवासियों ने एक स्वर पर पिछले वर्षों में घटित एक दंपति व शासकीय सेवारत महिला के नेहरू चौक में हुए सड़क हादसे को शहर के लिए दुखद विषय बताया था। नागरिकों ने चर्चा में प्रतिदिन हादसों से घायल हुए शहरजनों के बारे में विस्तार से बताया था।

नपाध्यक्ष महिलांग ने आगे कहा कि शहर की प्रथम नागरिक की महंती जिम्मेदारी है कि वो आम सुविधाओं के साथ अन्य समस्याओं के निराकरण का यथासंभव प्रयास करें, जिसके चलते यह उपरोक्त विषय पत्र के माध्यम से मंत्री को लिखा है। उन्होंने आगे कहा कि आशा है कि बहुप्रतीक्षित बायपास निर्माण को शीघ्र मंजूरी अन्य सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मिल जाएगी। शहर के भीतर होने वाले सड़क हादसों में कमी आएगी व शहर तथा क्षेत्रवासियों का जीवन सुरक्षित होगा।

## भारतीय न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा नया कानून : चंद्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़

- नए कानून को लेकर कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 1 जुलाई को भारतीय न्याय अधिनियम 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए डॉ अनुसूया अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपी चंद्रा सचिव मजिस्ट्रेट विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय महासमुंद रहे। अतिथि का स्वागत बैच लगा कर किया गया। डॉ अनुसूया अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण में कहा कि सिविल कानून व्यक्ति या संगठनों के मध्य के विवादों का निपटारा करता है। जबकि, आपराधिक कानून उन कार्यों को निपटाता है, जिन्हें समाज के लिए हानिकारक माना जाता है। मुख्य अतिथि चंद्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय न्यायिक अधिनियम 2023 के अन्तर्गत भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम



2023 1 जुलाई 2024 से लागू किया गया है। भारतीय दंड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है। भारतीय दंड संहिता की धारा के 511 के स्थान पर अब 358 धाराएं की गई है। आपराधिक मामलों के सजा को बढ़ाया गया है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था में यह कानून मील का पत्थर साबित होगा। सड़क दुर्घटना, सामुदायिक सेवा, संगठित अपराध, थाना क्षेत्र, व्हाट्सएप अपराध के बारे में जानकारी दी गई।

इसी क्रम में डॉ रीता पांडेय सहायक प्राध्यापक इतिहास द्वारा कहा गया कि 1 जुलाई 2024 को नए अपराधिक भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इस कानून में महिलाओं और बच्चों को विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर करुणा दुबे, सी. खल्को, अजय कुमार राजा, दिलीप बढाई, केशर चंद्र बनपाल, आशुतोष पुरी गोस्वामी, राजेश्वरी सोनी, प्रियंका सोनवानी, प्रियंका चक्रधारी, डॉ अजय कुमार देवांगन, शशि सोनी, हरिश्चंद्र साहू, टीकम साहू, सूर्य प्रकाश, धनंजय तिलक, हरि शंकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आभार प्रदर्शन डॉ मालती तिवारी जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया।



### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में 1 जुलाई 2024 को प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना तत्पश्चात एसडीएम बागबाहरा सृष्टि चंद्राकर द्वारा छात्राओं को बताया गया कि हमें पढ़ना लिखना है और आगे कुछ बनना है। मैं भी तुम्हारी तरह एक समय पर छात्रा थी और आज इस जगह पर हूं। तुम सभी को और आगे मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। एसडीएम द्वारा छात्राओं को जीवन कौशल के बारे में भी निर्णय लेने की समझाइश दी। पश्चात सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्ना डे द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। पश्चात केके वर्मा द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को आशीर्वाद वचन के रूप में छात्राओं को आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केवल राम टंडन द्वारा छठवीं में प्रवेशित छात्राओं को आगे अपनी पढ़ाई पूरी करने प्रेरित किया। इस अवसर पर अधीक्षिका रक्षा साहू, संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला, शिक्षिका निराशा ध्रुव, कमलेश कौशिक, कुंजलता गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में खिले अनेक फूल

**महासमुंद।** शहीद स्मारक में गर्मी के मौसम में अनेक फूल पौधे लगाए गए थे। वे अब खिलने लगे हैं। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि यहां फूलों पौधे लगाए गए है। जोर सुन्दर खिलने लगे हैं। यहां फूल पौधे में गर्मी मौसम पर रोज दिन में चार बार पानी देना पड़ता था। बरसात के मौसम में दो बार पानी देना पड़ता है। फूल, पौधे की देखभाल किया जा रहा है।

### भाजपाई कल सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा द्वारा देवीचंद राठी, पवन साहू, मोहन साहू एवं अन्य साथियों के साथ 3 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में जनता की समस्याओं को लेकर आम लोगों से भेंट करेंगे। उन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार से मिलेंगे एवं लोगों की समस्याओं के हल के लिए चर्चा कर समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। डॉ चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि बुधवार सुबह 11 बजे से 12 बजे के मध्य उनसे एसडीएम कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य सरकारी विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।



### अस्पताल में चिकित्सकों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के जिला अस्पताल में राष्ट्रीय डाक्टर दिवस मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर 0 जुलाई को अपराजिता वी क्लब महासमुंद के अध्यक्ष वी ममता जैसवाल एवं सचिव वी कामिनी चंद्राकर द्वारा जिला हास्पिटल मेडिकल कॉलेज महासमुंद के अधीक्षक संयुक्त संचालक डॉ बसंत महेश्वरी, डॉ कुलवंत सिंह आजमानी एवं डॉ घनश्याम साहू का सम्मान किया गया।

## कार्यक्रम: नए कानून से अवगत हुए जनप्रतिनिधि व नागरिक

# सिंघोड़ा थाना में नए कानूनों की दी गई विस्तृत जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सिंघोडा थाना ने भारत सरकार द्वारा लागू नए कानूनों की जानकारी विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों तक पहुंच सके व इनकी जानकारी सभी को हो सके, इसके लिए थाना परिसर में ही पहली बार 150 से भी अधिक विभिन्न जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजनों ने पहुंचकर नए कानूनों की जानकारी ली। सभी आगन्तुक जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

टीआई महेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना परिसर सिंघोड़ा में भारतीय न्याय सहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता लागू होने के संबंध में स्थापना दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला एवं बच्चों के सुरक्षा के संबंध में नया क़ानून का प्रावधान, नए कानून के संबंध में जानकारी, नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए बनाए गए क़ानून के संबंध में विस्तृत जानकारी थाना प्रभारी महेश साहू, उप निरीक्षक कमलेश पाल, सहायक उपनिरीक्षक लक्ष्मण साहू व सनातन बेहरा द्वारा जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि गण, पत्रकारगण, सरपंच एवं कोटवार, आम नागरिक सहित 100 से अधिक की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणजनों ने टीआई महेश साहू द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कानूनों की जानकारी व समझाईश दिए जाने के पहल की सराहना की।

# स्कूली बच्चों के लिए वेट मशीन स्वास्थ्य किट और दरी प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर में डॉ मनीष भारद्वाज आरएमए द्वारा नेशनल डॉक्टर दिवस के मौके परं बच्चों के लिए वेट मशीन, स्वास्थ्य किट, दरी प्रदाय कर बच्चों को स्वस्थ रहने की सलाह दिए। डॉ मनीष भारद्वाज को स्कूल समिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक आरके दास, प्राचार्य भगवती जगत, नंदनी प्रधान, गीतांजलि तिवारी, तन्नू निशा, हसीना बेगम, उषा बीसी बासमती जगत, हेमा साव, दीपिका साव एवं पाठकगण उपस्थित रहे। डॉ बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में पूरे देश भर में 1 जुलाई को डॉक्टर्स-डे मनाया जाता है। नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 का महत्व-राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का महत्व जीवन बचाने, स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और जरूरतमंद व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करवाने वाले डॉक्टरों को सम्मानित करने और उनके योगदान को स्वीकार करने में निहित है। नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 की थीम- हर साल नेशनल डॉक्टर्स डे मनाने के लिए एक नई थीम रखी जाती है। बात अगर इस साल की थीम की करें तो नेशनल डॉक्टर्स डे 2024 की इस थीम 'हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स' है।

जिसका मतलब है कि 'हम मेडिकल प्रोफेशनल्स के प्रयासों और उनके सभी योगदानों को पहचानते हैं'। नेशनल डॉक्टर्स डे की इस साल की थीम डॉक्टरों द्वारा अपने चिकित्सा अभ्यास में लाए जाने वाले समर्पण, करुणा और सहानुभूति पर जोर देती है।

## एथलेटिक्स खेल में छात्र गजेंद्र का चयन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुन्द के कक्षा 12वीं गणित का छात्र गजेंद्र ठाकुर पिता कमलेश्वर ठाकुर का चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में आयोजित स्टेट स्पोर्ट्स अकादमी/ खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आफ एम्सेलेंस बहतराई बिलासपुर द्वारा एथलेटिक्स खेल में चयन हुआ है। अब यह छात्र संबंधित संस्था में निशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करेगा। इस बाबत विद्यालय के समस्त स्टाफ सहित प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य एवं उप प्राचार्य चमनलाल चंद्राकर ने प्रसन्नता जताई है। छात्र के चयन का श्रेय संस्था के खेल शिक्षक अंजनि साहू को जाता है। उनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है।



### मुनगासेर स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल मुनगासेर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत वन सभापति हेमंत डड़सेना थे। स्कूल के बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर पुस्तक वितरण कर प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य पुरुषोत्तम ठाकुर, प्राचार्य हंसराम दीवान, संकुल समन्वयक देवानंद पटेल, बलदेव साहू, सोहन लाल चंद्राकर, संजय गिरी गोस्वामी, पूनम त्रिपाठी, पूर्णिमा साहू, रेखा ध्रुव, तीजमत साहू, लीलामृत ठाकुर, दीपक अजय आदि मौजूद रहे।

## हाईस्कूल उमरदा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल उमरदा में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसुधा चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत उमरदा, विशेष अतिथि राजू यादव विधायक प्रतिनिधि, अध्यक्षता पूनम कुमार चंद्राकर प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना की गई। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष कक्षा नवमी में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें पाठ्य-पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हेमंत चंद्राकर, व्याख्याता गण धर्मराज चंद्राकर, शोभा गुप्ता, चंद्रकला साहू और छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता दिनेश चंद्राकर द्वारा किया गया।

## सीएचसी सराईपाली में लगा मेंटल हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत मेंटल हेल्थ कैंप सीएचसी सराईपाली में आयोजित किया गया। इसमें 38 पेटेंट को डाइग्नोसिस किया गया। सभी को रेगुलर मेडिसीन लेने, सुसाइड वार्निंग साइन, आपसी समन्वय स्थापित करने, तनाव प्रबंधन के लिए योगा, ध्यान, नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली बीएमओ डॉ विजय आनंद कोसरिया, डॉ वर्षा सतपती ब्लॉक नोडल, बीपीएम सीतल सिंह, टीआर घृतलहरे बीई, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे का सहयोग रहा।

# पुस्तक वितरण एवं मुंह मीठा कर मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सरपंच देव कुमार टंडन के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र के पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य ने संस्था के विभिन्न गतिविधियों एवं प्रवेश लक्ष्य की जानकारी देते हुए नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। साथ ही प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पालकों तथा बच्चों से शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया।

समिति सदस्य नामदेव साहू एवं सुंदर साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी बच्चे नियमित विद्यालय आए एवं अपने आसपास के सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाकर, विद्यालय अनुशासन का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाएं। संस्था के व्याख्याता प्रीति चंद्राकर ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय अनुशासन की जानकारी देते हुए नियमित विद्यालय एवं समय पर विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि देव कुमार टंडन ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों का स्वागत करते हुए मन लगाकर विद्या अध्ययन करने एवं नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया एवं चॉकलेट तथा बूंदी वितरण कर बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। संचालन संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने किया।

कार्यक्रम में समिति सदस्य सुंदर साहू, नामदेव साहू, भीखम साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, तोष कुमार साहू एवं स्टाफ सदस्य प्रीति चंद्राकर, विनीता अंजलि दीवान, भुनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, प्रकाश चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, अमित देवांगन, नवीन आदि मौजूद रहे।



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए अभियान में एक पेड़ मां के नाम का जिक्र किया था। तुमगांव में गिरजा दास के साथ वार्ड की रिंकी, प्रियंका दास, गौरी दास ने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है।

# बेलसोंडा के स्टेशन पारा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, बांटे टी शर्ट

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में सभी नवप्रवेशी बच्चों को ग्राम पंचायत बेलसोंडा की सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण एवम मुँह मीठा कर शाला प्रवेश कराया। शाला प्रवेशोसत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोषी कंशराम निषाद द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसी तारतम्य में नवप्रवेशी बच्चों को हाउस ड्रेस के लिए टी शर्ट वरिष्ठ नागरिक केशव राम चंद्राकर की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती चंद्राकर के साथ पंचगण त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, विद्या जमूलकर, प्रकाश साहू तथा शाला की प्रधानाध्यापिका ममता चंद्राकर, शिक्षिका जयश्री साहू, योगिता सिन्हा, शिक्षक अनिल कुमार चंद्राकर, संकुल समन्वयक सुरेश पटेल, रसोइया बिमला चंद्राकर, ममता निषाद, सफाई कर्मी नीता देवदास, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोषी निषाद, सदस्य प्रभात धीवर पालकगण ललिता निषाद, पूजा पारधी, तनु ध्रुव उपस्थित रहे।



# लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री के मन की बात प्रथम संस्करण को भाजपाइयों ने सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



विधानसभा के शक्ति केंद्र बानीगिरोला में भारत वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी।

मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाता है, मन की बात कार्यक्रम का 111 वें एपिसोड को शक्ति केंद्र बानीगिरोला के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुनी गई। और भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण की संरक्षण व सुरक्षा को दृष्टिगत व ध्यान में रखते हुए। देश हित में एक पेड़ मां के नाम से पूरे भारत वर्ष में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा। जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए पौधारोपण करना जरूरी एवं आवश्यक है। धरती को बचाने के लिए पौधारोपण करना तथा पर्यावरण के साथ-साथ अपने खुशहाली के लिए पौधारोपण लगाना नितांत जरुरी है। इसी को मद्देनजर रखते हुए। भाजपा मंडल सरायपाली मंडल महामंत्री व पौधारोपण कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद कुमार सागर ने मंडल के सभी ग्रामों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यवाहक जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अनंतराम पटेल, कार्यक्रम प्रभारी एवं मंडल महामंत्री सरायपाली प्रमोद कुमार सागर, सरपंच ग्राम पंचायत बानीगिरोला लक्ष्मीप्रसाद पटेल, गजेंद्र ठाकुर, अजित पटेल, दिलीप पटेल, सुदर्शन साहू सहित भाजपा के कार्यकर्तागण एवं बानीगिरोला के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण कर मनाया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत बेमचा, विशिष्ट अतिथि देवेंद्र चंद्राकर उपसरपंच, देवेंद्र घाडगे, रविकांत चंद्राकर, भगत राम साहू, अध्यक्षता एसएल पाटकर प्राचार्य रहे। अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर फूलमाला से पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पश्चात अतिथियों का गुलाल से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण नवीन चंद्राकर द्वारा किया गया। उन्होंने गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। इसमें 12वीं बोर्ड 90 प्रतिशत, 10वीं बोर्ड 87 प्रतिशत रहा, जो अब तक बहुत अच्छा परीक्षा परिणाम रहा है।

इसी तरह खेल कूद में भी बच्चे राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में स्कूल की ओर से सहभागिता कर प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किये हैं। पूर्व छात्रा लक्ष्मी चंद्राकर का चयन खेल अकादमी चेन्नई में एमबीए के लिए हुआ है, जो 3 वर्ष निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करेगी। इसी तरह नीरज कुमार ध्रुव का चयन खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर के लिए हुआ है। जिसे कक्षा 12वी तक निःशुल्क अध्यापन एवं खेल प्रशिक्षण प्राप्त होगा कि जानकारी खेल शिक्षक सेवनदास मानिकपुरी ने दी।

अतिथि उद्बोधन में भगत राम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक ने बच्चों को बताया कि भारतीय संस्कृति जानना और मानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हिंदी भाषा ज्ञान व सामान्य ज्ञान अध्यपन हेतु निःशुल्क सेवा देने स्कूल के प्रति अपनी मंशा बच्चों के बीच रखी। उद्बोधन के साथ कक्षा नवमी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया गया। सभी बच्चों को रोजाना स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थित रहकर अध्यपन करने प्रोत्साहित किया गया। अंत में किरण पटेल व्याख्याता द्वारा भी बच्चों को अंग्रेजी भाषा अध्ययन के लिए प्रेरित किए। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्राचार्य एसएल पाटकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता तुलेंद्र सागर स्काउट मास्टर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक स्टाफ से एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, पीएल साहू, तारिणी कहार,महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, मनीष साहू कार्यालयीन स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव, जागेश्वरी गोस्वामी एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### अमरकोट विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकोट में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल, दिनेश पटेल (सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत अमरकोट), तुलसी साहू, रुक्मण पटेल मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजन किया गया। बाद अतिथि स्वागत हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश वाचन का पठन और संबोधन कार्यक्रम हुआ। नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व पुस्तक वितरण कर शाला प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर नारायण भोई प्राचार्य, झसकेतन पटेल, उत्तरा दीवान, हेमंत दीवान, जितेंद्र पटेल, धनीराम साव, किरण पटेल, वीणा पटेल, प्रेम कुमार पटेल, श्रवण बरिहा, चैतराम पटेल, बासुदेव पटेल और ईश्वर लाल राउत उपस्थित रहे।